KVS COMMON TEST PAPER NO. 2

Reasoning

1. A, B की पुत्री है। B, C की माँ है। D,C का भाई है। D, A से कैसे संबंधित है?
   (a) पिता (b) दादा
   (c) भाई (d) पुत्र

2. P, Q का भाई है। R, Q की माँ है। S, R पिता है। T, S की माँ है। P, T से कैसे संबंधित है?
   (a) पोती (b) परनाती
   (c) पोता (d) दादी

3. A, B का भाई है। C, D का पिता है। E, B की माँ है। A और D भाई है। E, C से कैसे संबंधित है?
   (a) बहन (b) साली/नन्द
   (c) भांजी/भतीजी (d) पत्नी

4. A, B और C का पिता है। B, A का पुत्र है। परंतु C, A का पुत्र नहीं है। C का A से क्या संबंध है?
   (a) भतीजी (b) दामाद
   (c) पुत्री (d) पोता

5. A और B भाई हैं। E, F की पुत्री है। F, B की पत्नी है। E, A से कैसे संबंधित है?
   (a) बहन (b) पुत्री
   (c) भतीजी (d) साली/नन्द

6. A और B क्रमश: भाई और बहन है। C, A का पिता है, D, C की बहन है। E, D की माँ है, तो B, E से कैसे संबंधित है?
   (a) पोती (b) परपोती
   (c) बुआ या मौसी (d) पुत्री

7. राजीव अतुल का भाई है। सोनिया, सुनिल की बहन है। अतुल, सोनिया का पुत्र है। राजीव, सोनिया से कैसे संबंधित है?
   (a) भतीजा (b) पुत्र
   (c) भाई (d) पिता

8. सीमा सुधिर की पुत्रवधु और रमेश की साली है। मोहन सुधिर का पुत्र है और रमेश का इकलौता भाई है। सीमा और मोहन के बीच क्या संबंध है?
   (a) साली (b) बुआ या मौसी
   (c) कजन (d) पत्नी

निर्देश(9-13): ये प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है। इसे ध्यान से पढिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

आठ एक्जिक्यूटिव J, K, L, M, N, O, P और Q एक गोल मेज के गिर्द एक बैठक करने के लिए बैठे हैं। J, P के दाएं को दूसरा है जो K के दाएं को तीसरा है। M, O के बाएं को दूसरा है जो P और J के बीच बैठा है। L, K या N का पडोसी नहीं है।

9. L के तुरंत बाएं को कौन है?
   (a) Q (b) O
   (c) K (d) N
   (e) इनमें से कोई नहीं

10. K के तुरन्त बाएं को कौन है?
   (a) N (b) J
   (c) Q (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
   (e) इनमें से कोई नहीं

11. निम्नलिखित में से N का सही स्थान कौन सा है?
   (a) K के दाएं को दूसरा
   (b) K के तुरंत बाएं
   (c) M के तुरंत दाएं
   (d) K के तुरंत दाएं
   (e) इनमें से कोई नहीं

12. P के दाएं को तीसरा कौन है?
   (a) L (b) J
   (c) Q (d) N
   (e) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नलिखित व्यक्तियों के किस समूह में पहला व्यक्ति दो अन्य व्यक्तियों के बीच बैठा हैं?
   (a) PJO (b) OPJ
   (c) OPM (d) MPO
   (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (14-19): निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

M, N, P, R, T, W, F और H केन्द्र की ओर मुँह किए एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। P, M के बाएं तीसरा और T के दाये दूसरा है। N, P के दाएं दूसरा है। R, W के दाएं दूसरा है जो M के दाएं दूसरा है। F, P का निकटतम पडोसी नहीं है।

14. P के तुरंत दाएं कौन है?
   (a) H (b) F
   (c) R (d) डाटा अपर्याप्त है
   (e) इनमें से कोई नहीं

15. H के तुरंत दाये कौन है?

VISION ACADEMY

(a) H (b) F
(c) R (d) डाटा अपर्याप्त है
(e) इनमें में से कोई नहीं

16. R के तुरंत बाएं कौन हैं?
(a) P (b) H
(c) W (d) T
(e) डाटा अपर्याप्त है

17. H के दांये तीसरा कौन है?
(a) T (b) W
(c) R (d) F
(e) डाटा अपर्याप्त है

18. F के दांये दूसरा कौन है?
(a) M (b) R
(c) T (d) डाटा अपर्याप्त है
(e) इनमें से कोई नहीं

19. निम्नलिखित में से किसमें प्रथम व्यक्ति दूसरे और तीसरे व्यक्ति के बीच बैठा है?
(a) NHM (b) PHN
(c) TRP (d) TWF
(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (20): निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढिए और इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

A, B, C, D, E, F, G और H केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। A, H के दाएं को चौथे और F के बाएं को दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F और B का पड़ोसी नहीं है। D, C के दाएं को तीसरा बैठता है। H कभी भी G के अगले स्थान पर नहीं बैठता है।

20. H और G के बीच निम्नलिखित में से कौन-सा जोडा बैठता है?
(a) BH (b) EF
(c) CE (d) DB
(e) इनमें से कोई नहीं

G. S.

21. 1907 का कांग्रेस अधिवेशन किस नदी तट पर हुआ था?
(a) ताप्ती (b) गंगा
(c) हुगली (d) रावी

22. उत्तरी सरकार तट (Northern Circars coast) निम्न में ले किस राज्य से संबंधित हैं?
(a) केरल (b) ओडिसा
(c) गुजरात (d) तमिलनाडु

23. दिल्ली के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?
(a) 1526 से दिल्ली पर मुगलों शासन शुरू हुआ।
(b) दिल्ली विधान सभा 70 सदस्यीय है।
(c) दिल्ली तीन राज्यों से सीमा बनाती है।
(d) दिल्ली में शांतिवन जवाहर लाल नेहरू का समाधि स्थल है।

24. निम्न कथनों को पढकर कूट के माध्यम से उत्तर चुनें।
1. ब्रह्मपुत्र नदी का विस्तार उदेशा में है।
2. सिंधु नदी का विस्तार उदेशा में है।
3. चिल्का झील केरल की झील है।
(a) केवल 1 व 2 सही
(b) केवल 1 व 3 सही
(c) केवल 2 व 3 सही
(d) 1, 2 व 3 सभी सही

25. क्षेत्रफल (Area) की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा केन्द्रशासित प्रदेश है–
(a) लक्षद्वीप (b) दमन दीव
(c) पुदुचेरी (d) दादरा एवं नगर हवेली

26. सिकंदर के उत्तराधिकारी सेल्यूकस निकेटर से किसकी संधि हुई थी?
(a) घनानंद (b) बिंदुसार
(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) पोरस व आम्भि

27. निम्न में से किसने ''सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा'' लिखा।
(a) राम प्रसाद बिस्मिल
(b) बंकिम चंद्र चटर्जी
(c) भगत सिंह
(d) मुहम्मद इकबाल

28. रवी की फसल की बुवाई किस माह में की जाती है?
(a) जनवरी–फरवरी (b) मई–जून
(c) मार्च–अप्रैल (d) अक्टूबर–नवम्बर

29. निम्न में से किसे स्वीकार करना कानूनी बाध्यता है?
(a) पत्र मुद्रा (b) चेक
(c) ड्राफ्ट (d) बिल

30. R.B.I निम्न में से क्या नहीं जारी करता है?
(a) 1 रु. की नोट
(b) 20 रु. की नोट
(c) 50 रु. की नोट
(d) 2000 रु. की नोट

31. चुनाव आयोग के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

VISION ACADEMY

(a) चुनाव आयोग एक संवैधानिक निकाय (Constituti-onal Body) है।

(b) चुनाव आयोग एक 5 सदस्यीय (members) निकाय है।

(c) आयोग के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो पहले समाप्त हो, तक होता है।

(d) राष्ट्रपति का चुनाव करवाना चुनाव आयोग का कार्य है।

32. संविधान का अनुच्छेद (Artcle) 16 निम्न में से किससे संबंधित है?

(a) अवसर की समानता (Equality of opportunity)

(b) अस्पृश्यता का अंत (Abolition of untouchability)

(c) उपाधियों का अंत (Abolition of litles)

(d) विभेद का प्रतिषेध (Prohibition of Discrimination)

33. निम्न रोगों में से कौन सा विषाणु जनित (Viral) है?

(a) पोलियो व टिटनेस

(b) खसरा व हैजा

(c) मलेरिया व चेचक

(d) चेचक व पोलियो

34. भारत का औसत लिंगानुपात (Sex ratio) वर्तमान में कितना है?

(a) 933 (b) 940

(c) 943 (d) 919

35. किस विटामिन की कमी से बेरी-बेरी रोग होता है?

(a) B_1 (b) B_2

(c) B_3 (d) B_7

36. विटमिन की खोज किसके द्वारा 1911 में की गई थी?

(a) जे. बर्जेलियस (b) फंक

(c) राबर्ट हुक (d) इनमें से कोई नहीं

37. जनसंख्या में से निम्न में से कौन सा राज्य सबसे छोटा है?

(a) गोवा (b) मणिपुर

(c) त्रिपुरा (d) सिक्किम

38. गुजरात के बाद भारत के किस राज्य की तट रेखा सबसे लम्बी है?

(a) केरल (b) महाराष्ट्र

(c) तमिलनाडु (d) आंध्रप्रदेश

39. भारत के निम्न राज्यों से किसकी सीमा पाकिस्तान से नहीं लगती है?

(a) जम्मू एवं कश्मीर (b) पंजाब

(c) हिमाचल प्रदेश (d) गुजरात

40. निम्न दिवसों में से कौन सा मार्च में नही पडता है?

(a) विश्व पर्यावरण दिवस

(b) विश्व वानिकी दिवस

(c) विश्व जल दिवस

(d) विश्व मौसम विज्ञान दिवस

English

Directions (Qs. 41 - 55): *Read each of the following sentences which are divided into four parts (A), (B), (C) and (D). One of these parts may have an error. Find out that part. If there is no error, mark (E)*

41. The Western media (A)/ always judged the city (B)/ on the condition (C)/ of its shops. (D)/ No error. (E)

42. Amsterdam is (A)/ the largest (B)/ and the most beautiful city (C)/ of Europe. (D)/ No error. (E)

43. No book (A)/ in the library (B)/ is as useful (C)/ as this one. (D)/ No error. (E)

44. The thief (A)/ was hung (B)/ without a (C)/ proper trial. (D)/ No error. (E)

45. This is the (A)/ girl who (B)/ you spokes so (C)/ highly of. (D)/ No error. (E)

46. Her tooth (A)/ has been (B)/ paining for (C)/ the last two days. (D)/ No error. (E)

47. The child (A)/ was walking (B)/ in the centre (C)/ of the road. (D)/ No error. (E)

48. The property (A)/ of the father (B)/ should be divided (C)/ equally between all the children. (D)/ No error. (E)

49. The teacher was (A)/ saying that (B)/ one must do (C)/ his duty honestly. (D)/ No. error. (E)

50. You must praise (A)/ the work (B)/ when your little sister has (C)/ done it.(D)/ No error. (E)

51. Had you (A)/ played well (B)/ you would win (C)/ the match. (D)/ No error. (E)

52. Women have been (A)/ an oppressed lot (B)/ since time (C)/ immemorial. (D)/ No error (E)

53. These news were (A)/ read out (B)/by a very (C)/ attractive person. (D)/ No error. (E)

54. It is useful (A)/ to keep oneself (B)/ abreast with (C)/ all the happenings. (D)/ No error. (E)

55. Adjust your rate (A)/ in reading (B)/ to different kinds (C)/ of material. (D)/ No erro. (E)

Directions (Qs. 56-60): *Each of the following questions*

has a key word followed by four alternatives. Choose the one which best expresses the meaning of the given word.

56. Amplitude
(a) enquiry (b) abundance
(c) austerity (d) to mislead

57. Insolence
(a) arrogance (b) annoyance
(c) keen (d) pleasure

58. Fragmentary
(a) decorative (b) broken
(c) assembled (d) a wash

59. Bourgeoisie
(a) brave (b) bright
(c) middle class (d) valiant

60. Parochial
(a) limited (b) universal
(c) practical (d) attractive

HINDI

61 to 64: नीचे दिये गये निंबध को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

रमेश को एक दिन एक कुल्हाडी मिल गई। वह उसे लेकर बाहर निकला। सामने एक नीम का पेड था। रमेश उस पेड़ को जैसे ही काटने लगा कि कहीं से आवाज आई। उसे आश्चर्य हुआ कि आस-पास तो कोई भी नहीं था। उसे लगा कि यह नीम का पेड उससे कुछ कहना चाह रहा है। रमेश ध्यान से सुनने लगा। पेड ने कहा - ''तुम मूझे क्यों काट रहे हो? क्या तुम नहीं जानते मै कितने काम का पेड़ हूँ?''

''मेरी पत्तियों को देखा, ये इतनी घनी हैं कि सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुँच पाती। और मेरी छाया में मनुष्य पशु आदि विश्राम करते हैं। इतना ही नहीं मेरी पत्तियाँ हवा को भी शुद्ध करती हैं। मेरे फूल और फल भी बहुत काम आते हैं। इन्हें खाने से पेट की बीमारियाँ दूर हो जाती हैं।

मेरे फल को निबौरी कहते हैं। निबौरी की गुठली से जो तेल निकलता है उससे साबुन बनाते हैं। मेरी जड को उबालकर पीने से बुखार दूर हो जाता है।''

61. रमेश कुल्हाडी से _____ पेड को काटने लगा।
(a) आम (b) नारियल
(c) नीम (d) बटटर फ्रूट

62. जैसे रमेश पेड को काटने लगा कहीं से ___ आई।
(a) आवाज (b) शेर
(c) चीता (d) चूहा

63. नीम के _____ से साबुन बनाते हैं।
(a) फल (b) तेल
(c) पत्ता (d) फूल

64. नीम की जड को उबालकर पीने से _______
(a) बुखार आता है (b) बुखार दूर हो जाता है
(c) हाथ कापंता है (d) सरदर्द दूर हो जाता है

65 to 69 : नीचे देये गये शब्दों का स्त्रीलिंग रूप चुनकर लिखिए।

65. बंदर-
(a) बंदरी (b) बंदरि
(c) बंदर (d) बंदरिया

66. पुजारी-
(a) पुजारिया (b) पुजारिन
(c) पुजारि (d) पुजारीया

67. बूढ़ा-
(a) बूढ़ी (b) बुढिया
(c) बूढ़ीया (d) बुडिया

68. देवर-
(a) देवरानी (b) देवरनी
(c) देवरी (d) देवी

69. दुल्हा-
(a) दुल्ही (b) दुल्हाई
(c) दुल्हन (d) दुल्हान

60. धेनु शब्द का बहुवचन रूप है
(a) धेनुएँ (b) धेनु
(c) धेनुवें (d) धेनुओं

71 to 75 : नीचे दिये गये शब्दों का सही अर्थ चुनकर लिखिए।

71. उन्नति-
(a) अवनति (b) उत्कर्ष
(c) आकांक्षा (d) आमोद

72. अमृत-
(a) विष (b) सुधा
(c) पयूश (d) मृत

73. कमल-
(a) जलज (b) जल
(c) अंबु (d) मयूख

74. तलवार-
(a) तालाब (b) शमीर
(c) खडग (d) करवाई

75. पवन-
(a) हवा (b) अनल

(c) नग (d) भूधर

76. आविष्कार करने का अर्थ है

(a) खोजना (b) ढूंढना

(c) पता लगाना (d) पार करना

77. फल शब्द का अन्यवचन रूप है

(a) फला (b) फले

(c) फल (d) फलाएँ

78. संसार का समानार्थक शब्द ______ हैं।

(a) देश (b) परिवार

(c) दुनिया (d) समेत

79. 'मुश्किल' का विरूद्ध शब्द है

(a) आसमान (b) आसान

(c) असफल (d) अकसर

80. अश्व का पर्यायवाचक शब्द है

(a) घोड़ा (b) शेर

(c) अंशु (d) गाय

VISION ACADEMY

PEDAGOGY

81. प्राय: कक्षा में विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा के प्रति शिक्षकों की धारणा है कि

(a) प्रतिस्पर्धा की आलोचनाएँ मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि दार्शनिक रूप से की जाती है

(b) प्रतिस्पर्धा सभी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में बाधक सिद्ध होती है

(c) प्रतिस्पर्धा से यद्धपि कुछ हानियाँ है फिर भी इसके शैक्षिक लाभ अपेक्षाकृत अधिक है

(d) प्रतिस्पर्धा के प्रति शिक्षकों का आलोचनात्मक रवैया नहीं है, किन्तु प्रतिस्पर्धा को देने की विधि क्या है, इसको सोचना अनिवार्या है

82. आपकी कक्षा के विद्यार्थियों में यदि शैतानी, आक्रामकता एवं तिरस्कार जैसे दोषों का समावेश हो जाता है तो आप सर्वप्रथम उपचार करना पसन्द करेंगे:

(a) बालको के गृह वातावरण का, जो उन पर गहरा प्रभाव छोडता है

(b) बालकों को दिए गए गृहकार्य की उपयुक्तता का तथा उन पर आरोपित प्रत्याशाओं का

(c) कक्षा की समाजमितीय संरचना का

(d) बालकों के ऊपर समुदाय एवं गृह के अनावश्यक प्रभावों को नकारने का

83. विद्यालय में विद्यार्थियों में उत्पन्न होने वाली थकान के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन सत्य है:

(a) अधिकांश थकान मनोवैज्ञानिक होती है, वह भौतिक नहीं होती

(b) आधुनिक अनुभव आधारीय पाठयक्रम में थकान का महत्व अधिक है बजाय पारम्परिक पाठयक्रमों के

(c) विद्यालय सम्बन्धी थकान को शिक्षक प्रेरणा एवं उत्साह द्वारा कम कर सकते हैं

(d) कठिन विषयों को समय-सारणी में उपयुक्त स्थान पर व्यवस्थित करना चाहिए, ताकि विद्यार्थी जब तरोताजा हों, तो उनका समुचित अध्ययन कर सकें

84. एक पाँच वर्ष की आयु का बालक यदि किसी कार्य की निरन्तर पुनरावृत्ति करता है, उसका यह व्यवहार प्रदर्शित करता है:

(a) वह निश्चित आदत निर्माण की दिशा में कार्य करने का प्रयत्न कर रहा है

(b) उसमें निश्चित व्यवहार की संकल्प शक्ति विद्यमान ह

(c) वह असुरक्षित अनुभव करता है तथा उसका दृष्टिकोण संकीर्ण है

(d) यह कोई विशेष व्यवहार नहीं है, बल्कि विकास प्रक्रिया का स्वाभाविक चरण है

85. एक ऐसा शिक्षक जिसकी कक्षा में हकलाने वाला बाल -क पढता है, उसमें निम्न गुण होना चाहिए:

(a) शिक्षक बालक के हकलाने पर उचित शब्द पूर्व में ही उच्चारित करके मदद करे

(b) उस विद्यार्थी को कक्षा की सभी मौखिक प्रतिस्पध ाीओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करे

(c) विद्यार्थियों के समक्ष विशिष्ट परिस्थितियों का निर्माण करे, जिससे उनमें स्वयोग्यता का विकास हो सके

(d) अन्य विद्यार्थियों को यथायोग्य मदद प्रदान करने के लिए प्रेरित करें

86. विद्यालय में शारीरिक शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य है:

(a) बालकों को विश्वविद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व उत्तम खिलाडियों का निर्माण करना

(b) बालकों में शारीरिक तन्दुरूस्ती का उन्नयन करना

(c) विद्यार्थियों को शैक्षिक दुरूहता से मुक्ति प्रदान करना

(d) विद्यार्थियों की शारीरिक क्रियाशीलता में वृद्धि करना

87. विद्यालय में बालक शिक्षकों को अपना आदर्श मानते हैं, अत: शिक्षकों को:

(a) अपनी बौद्धिक योग्यताओं के प्रति चैतन्य रहना चाहिए

(b) सामान्य जनता की तरह ही सामान्य व्यक्ति जैसा व्यवहार करना चाहिए

(c) केवल उच्च गुणों से ओत-प्रोत व्यक्तियों को शिक्षण व्यवसाय अपनाना चाहिए

(d) पुरूषत्व शक्ति वाले तथा वैसी ही अभिवृत्ति वाले व्यक्तियों को यह व्यवसाय चुनना चाहिए

88. निम्नलिखित में से किस नर्सरी स्कूल के अन्तिम लक्ष्य के रूप में मान्यता प्रदान नहीं की जा सकती?

(a) विद्यार्थियों की देखभाल तथा उनमें स्वस्थ आदत का निर्माण करना

(b) उनकी बौद्धिक योग्यताओं को उद्दीप्त करने हेतु अवसर जुटाना

(c) संवेगात्मक नियन्त्रण का प्रशिक्षण प्रदान करना

(d) कार्य करने की आदतों का उन्नयन करना

89. निषेधात्मक व्यवहार प्रदर्शित करने वाले बालक के उपचार का उपयुक्त तरीका है:

VISION ACADEMY

(a) उसकी उपेक्षा को नजरअन्दाज कर दिया जाए, क्योंकि यह विकास का स्वाभाविक क्रम है
(b) उसे अन्य विद्यार्थियों जैसे आदेश मनाने के लिए बाध्य किया जाए
(c) उसके सकारात्मक व्यवहार की अनुशंसा की जाए
(d) उसे आदेश देना बन्द कर दिया जाए

90. शिक्षकों को समूह गतिकी के ज्ञान की आवश्यकता होती है क्योंकि:
(a) वे कक्षा में परस्पर आकर्षण को पहचान सकते हैं
(b) वे विद्यार्थियों को सामाजिक समूह में रहने के लिए प्रेरित करते हैं
(c) वे शिक्षा के सामूहिक उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं
(d) समूह गतिकी अनुशासन निर्माण में सहायक होती है

91. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) असंवेदी शिक्षक असुरक्षित विद्यार्थी के लिए उपयोगी नहीं है
(b) संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थियों को उत्तम सुरक्षा प्रदान करता है
(c) निरंकुशवादी शिक्षक निरंकुश परिवार वाले विद्यार्थियों के लिए उत्तम है
(d) उपरोक्त सभी

92. विद्यालय नियम संहिता का प्राथमिक उद्देश्य है:
(a) विद्यार्थियों को विद्यालय सम्बन्धी नियमों की जानकारी प्रदान करना
(b) विद्यार्थियों को नवीन विद्यालयों में समायोजन के अवसर प्रदान करना
(c) उपराधी बालकों को उचित दण्ड प्रदान करना
(d) नए विद्यार्थियों का मनोबल बढाना

93. विद्यार्थियों के दुर्व्यवहार की पहचान करने की सही कसौटी है कि:
(a) यह कितना शैक्षिक प्रगति में बाधक है
(b) यह कक्षा के अन्य सदस्यों की उन्नति को कितनी मात्रा में बाधिक करता है
(c) यह कक्षा की शालीनता को जितना अधिक भंग करता है
(d) यह कक्षा की प्रक्रियाओं में विघ्न पैदा करता है

94. कक्षा में अनुशासन निर्माण के सन्दर्भ में शिक्षक का प्राथमिक दायित्व है:
(a) कक्षा में आदेशों की अनुपालन व्यवस्था कायम करना
(b) उचित शैक्षिक अधिगम की दशाएँ सुनिचित करना
(c) प्रभुत्व के प्रति भाव प्रोन्नत करना
(d) विद्यार्थियों को स्वानुशासन सिखाना

95. कक्षा में दुर्व्यवहार नियन्त्रण का प्रभावी उपाय है:
(a) अपराध के सापेक्ष तात्कालिक दण्ड की व्यवस्था करना
(b) असन्तुष्ट आवश्यकताओं के सन्दर्भ में विद्यार्थियों के दुर्व्यवहार सम्बन्धी कारणों को ज्ञात करना
(c) सामूहिक दण्ड व्यवस्था का अनुपालन करना
(d) स्वभावगत अपराधिकयों को कक्षा से निष्कासित कर देना

96. आप यदि एक नवनियुक्त शिक्षक है तथा विद्यार्थी आपके अनुशासन के सन्दर्भ धैर्य की परीक्षा लेने के लिए नियोजित शैतानियाँ कर रहे हैं, ऐसी परिस्थिति में आप कैसा व्यवहार करेंगे?
(a) आप विद्यार्थियों को भला बुरा कहेंगे
(b) आप शैतानियों को नजरअन्दाज कर देंगे
(c) आप शैतान विद्यार्थियों की ओर दोस्ती का हाथ बढाएँगें
(d) आप विद्यार्थियों को कक्षा के बाद रोंकेगे तथा कठोर दण्ड देंगे

97. शोध अध्ययनों का परिणाम है कि बालक की प्रारम्भिक भाषा सम्बन्धी योग्यताओं का मानसिक वृद्धि से सम्बन्ध होता है:
(a) शीघ्र बोलना बुद्धिमान का चिन्ह है
(b) विलम्ब से बोलना सीखना मन्द बुद्धि का सूचक है
(c) जो बालक जल्दी बोलता है उसका मानसिक विकास उत्तम होता है
(d) जो बालक बुद्धिमान होते हैं वे शीघ्र बोलना सीख जोते हैं

98. बुद्धि परिक्षणों द्वारा बालकों की बुद्धि का परीक्षण किया जाता है:
(a) बालकों के अनुभवों को सूचीबद्ध करके तथा प्रश्नों के क्रम में प्रस्तुत करके
(b) बालकों के तान्त्रिक-तन्त्र की जटिलता का अनुमान लगाकर
(c) बालकों के चयनित अधिगम अनुभवों के न्यादर्श द्वारा
(d) समस्त बालकों के अधिगम अनुभवों को संकलित करके, जो एकसमान आयु-वर्ग के बालकों में विद्यमान होते है

99. एक विद्यार्थी की बुद्धिलब्धि यदि 97 तथा दूसरे की 103 है, तो यह अन्तर स्पष्ट करना है कि:
(a) पहला विद्यार्थी शैक्षिक सफलता सरलतापूर्वक प्राप्त कर सकता है
(b) दोनों के बौद्धिक स्तर लगभग एकसमान हैं
(c) पहला विद्यार्थी बुद्धिलब्धि में दूसरे विद्यार्थी की तुलना में पिछड़ा है

VISION ACADEMY

(d) दोनों के प्रतिभाशाली होने के 50-50 प्रतिशत अवसर हैं

100. प्राय: विद्यार्थी को उसकी सही बुद्धिलब्धि की जानकारी देना ठीक नही माना जाता, क्योंकि:

(a) इससे विद्यार्थी को हानि पहुँचने की सम्भावना बनी रहती है

(b) परीक्षण पर अत्याधिक भरोसा नहीं किया जा सकता

(c) ये आँकडे व्यावसायिक प्रकृति के होते है

(d) विद्यार्थी उनका गलत अर्थ निकाल सकता है दण्ड देने की प्रणाली बताना

(d) विद्यार्थियों को विद्यालय की परम्पराओं से अवगत कराना

VISION ACADEMY